आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–12 जनवरी 2026 सान्ध्य समाचार

आज राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जा रहा है। यह दिवस स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। गृह मंत्री अमित शाह, सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने भी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिये स्वामी विवेकानंद के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद किया है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'राष्ट्रीय युवा दिवस' पर आज लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने युवाओं को राज्य स्तरीय विवेकानंद यूथ अवॉर्ड से सम्मानित किया। इस अवसर पर खेलो इंडिया योजना के तहत पांच मल्टीपर्पज हॉल का लोकार्पण एवं तीन ग्रामीण स्टेडियम का शिलान्यास भी हुआ।

मुख्यमंत्री ने अपने सम्बोधन में स्वामी विवेकानंद के राष्ट्रीय एवं सामाजिक योगदान को याद किया और उनके बताए मार्ग पर चलने की अपील की।

उनका स्पष्ट संदेश था लक्ष्य पर एकाग्रता, संकल्प पर दृढ़ता और कर्म में निरंतरता। यह जब तक नहीं होगी तब तक सफलता प्राप्त नहीं हो सकती। सफलता प्राप्त होने के लिए ये तीनों आवश्यक हैं लक्ष्य के प्रति हमारी एकाग्रता हो, संकल्प में उतनी ही दृढ़ता हो और कर्म में हमारी निरंतरता भी होनी चाहिए।

प्रदेश के कुशीनगर, वाराणसी और गोरखपुर सहित कई अन्य जिलों में भी राष्ट्रीय युवा दिवस पर विविध आयोजन किए गए।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केन्द्रीय आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने आज लखनऊ में दो दिवसीय '**उत्तर प्रदेश एआई और स्वास्थ्य नवाचार सम्मेलन**' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एआई का इस्तेमाल रिएक्टिव की जगह प्रोएक्टिव अप्रोच में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है।

हम इस बेहतरिन एआई टूल का इस्तेमाल करते हुए, उन सभी डाटा को कलेक्ट करके फिर उस एक प्रोएक्टिव अप्रोच के साथ आगे बढ़े, मेरा यह मानना है कि जैसे इन्सेफलाइटिस के प्रति हमलोगों की फोक्सड कार्यवाही ने इन्सेफलाइटिस से मुक्त करते हुए उत्तर प्रदेश के बचपन को बचाने में सफलता प्राप्त की है। ऐसे ही अन्य बीमारियों के उपचार के लिए भी इससे पहले कि वो महामारी के रूप में एक संकट खड़ा करें हम उसको नियंत्रित कर सकते हैं।

इस मौके पर केन्द्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि भारत एआई सर्विस प्रोवाइडर ऑफ द वर्ल्ड बनने वाला है। विश्व में भारत का डंका बजेगा जिसमें यूपी बहुत बड़ी भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्य मंत्री अजीत पाल भी उपस्थित रहे।

****

सुशासन और योजनाओं के समय से कार्यान्वयन के लिए प्रधानमंत्री के प्रमुख तंत्र– प्रगति ने अपनी पचासवीं बैठक के साथ महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। प्रगति तंत्र के माध्यम से प्रधानमंत्री की सीधी समीक्षा और निगरानी के कारण बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं की समयबद्ध निगरानी और जन शिकायतों का समाधान सम्भव हुआ है। विशेष श्रृंखला में आज प्रस्तुत है राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–छप्पन के लखनऊ–सुल्तानपुर खंड को चार लेन बनाए जाने पर एक रिपोर्ट–

लखनऊ, सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 56 के 127 किलोमीटर लंबे खंड को चार लाइन में विस्तारित करना मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश की सड़क और संरचना के उन्नयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण परियोजना है। इस परियोजना को 4 मई 2016 को 2000 करोड रुपए से अधिक की लागत से स्वीकृति दी गई थी। यह कॉरिडोर लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी और सुल्तानपुर जिलों से होकर गुजरता है। हालांकि इंजीनियरिंग कार्यों में निरंतर प्रगति हो रही थी लेकिन परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान भूमि अधिग्रहण और पर्यावरणीय प्रबंधन से जुड़ी गंभीर चुनौतियां सामने आई। कुल 686 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता के मुकाबले प्रारंभ में केवल 337 हेक्टेयर भूमि उपलब्ध हो सकी थी। इस परियोजना को 25 अप्रैल 2018 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रगति की बैठक में समीक्षा की गई जो एक निर्णायक पहल साबित हुई। प्रगति बैठक के बाद प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में उत्तर प्रदेश सरकार ने भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को तेज किया, जिससे शेष भूमि का पूर्ण अधिग्रहण हो सका। वैधानिक और भूमि संबंधी बधाओं के दूर होने के बाद एन. एच. ए. आई. ने मानव संसाधन और मशीनरी की तैनाती में उल्लेखनीय वृद्धि की। परिणामस्वरूप परियोजना ने शत प्रतिशत भौतिक प्रगति हासिल की और 30 अप्रैल 2019 को इसे राष्ट्र को समर्पित किया गया। अनुपम मिश्र के साथ आनंद कुमार आकाशवाणी समाचार दिल्ली।

****

प्रदेश में कड़ाके की ठंड और कोहरे से जनजीवन प्रभावित है। आज दिन में गोरखपुर और इसके आसपास के जिलों में थोड़ी देर के लिए हल्की धूप निकली, हालांकि शीतलहर के कारण ठंड से कोई विशेष राहत नहीं मिली। मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में पंद्रह जनवरी तक कहीं कहीं घने कोहरे की संभावना जताई है। इस अवधि में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम को देखते हुए स्कूलों में अवकाश की अवधि बढ़ा दी गई है।

****